भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 402
03 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

तटरक्षक स्टेशन

402. श्री नारणभाई काछड़िया :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात सहित देश के विभिन्न भागों में कार्यरत तटरक्षक स्टेशनों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ये तटरक्षक स्टेशन, भारतीय तट रेखा पर पड़ने वाले सुरक्षा की दृष्टि से भेद्य स्थानों की रक्षा करने के लिए पर्याप्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा अतिरिक्त स्टेशनों की स्थापना के लिए राज्य-वार और स्थान-वार क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या तटरक्षक स्टेशन के कार्य-निष्पादन को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की आपूर्ति की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) : अंडमान और निकोबार (ए एंड एन) एवं लक्षद्वीप समूह सहित भारत के तटीय राज्यों में 16 जिला मुख्यालय (डीएचक्यू) और 42 तटरक्षक स्टेशन परिचालनरत हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में तटरक्षक मुख्यालय है।

(ख) : जी, हां ।

(ग) : लागू नहीं ।

(घ) : जी, हां ।

(ङ) : तटीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए स्टैटिक रडारों और सेंसरों की श्रृंखला को स्थापित किया गया है।

*****